भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 6017
उत्तर देने की तारीख 1 अप्रैल, 2026

भारत संचार निगम लिमिटेड का पुनरुद्धार

6017. श्री राजकुमार रोतः

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2014 से भारत संचार निगम लिमिटेड के पुनरुद्धार और इसके 4जी/5जी नेटवर्क के विस्तार के लिए सरकार द्वारा कुल कितनी वित्तीय सहायता स्वीकृत की गई है;
(ख) उपयोग की गई निधियों का मद और कार्य-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) वर्तमान में देश के किन-किन शहरों/जिलों में बीएसएनएल की 4जी/5जी सेवाएं चल रही हैं;
(घ) क्या यह सच है कि कई ग्रामीण और दूर-दराज के क्षेत्रों में बीएसएनएल का नेटवर्क अभी भी कमजोर है और सरकार से महत्वपूर्ण वित्तीय सहायता मिलने के बावजूद कई जिलों में अभी तक 4जी/5जी सेवाएं शुरू नहीं की गई हैं, यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;
(ङ) क्या सरकार शेष जिलों और ग्रामीण क्षेत्रों में भारत संचार निगम लिमिटेड की 4जी/5जी सेवाओं को शीघ्रता से शुरू करने के लिए कोई समयबद्ध योजना बनाने पर विचार कर रही है; और
(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसे कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

उत्तर
संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) और (ख) सरकार ने बीएसएनएल को निम्नलिखित के अनुसार पुनरुद्धार पैकेज की मंजूरी दी है:

- वर्ष 2019 में, लगभग 69,000 करोड़ रुपये की राशि का पहला पुनरुद्धार पैकेज दिया गया था जिससे बीएसएनएल की प्रचालन लागत कम हो गई थी।

- वर्ष 2022 में लगभग 1,64,000 करोड़ रुपये की राशि का पुनरुद्धार पैकेज दिया गया था। यह नई पूंजी के निवेश, ऋण के पुनर्गठन, ग्रामीण टेलीफोनी आदि के लिए व्यवहार्यता अंतर निधियन पर केंद्रित था
- वर्ष 2023 में, सरकार ने बीएसएनएल को लगभग 89,000 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ 4जी/5जी स्पेक्ट्रम के आवंटन का अनुमोदन दिया।
- वर्ष 2025 में देश भर में बीएसएनएल द्वारा 4जी नेटवर्क के रोलआउट के लिए अतिरिक्त कैपेक्स सहायता के रूप में 6,982 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि की मंजूरी दी गई है।

इन पुनरुद्धार पैकेजों से अब तक 2,60,213.40 करोड़ रुपये की कुल राशि खर्च हो चुकी है। निधियों के उपयोग का मदवार ब्यौरा अनुबंध-I में दिया गया है।

(ग) से (च) आत्मनिर्भर भारत पहल के अनुरूप बीएसएनएल अखिल भारतीय संस्थापना के लिए स्वदेशी रूप से विकसित एक लाख 4जी साइटों को रोलआउट कर रहा है। दिनांक 21.03.2026 तक, कुल 97,993 4जी साइट संस्थापित की गई हैं और 96,295 4जी साइट ऑन-एअर हैं। प्रौद्योगिकी के दृष्टिकोण से यह उपकरण 5जी में उन्नयन योग्य है।

अनुबंध –I

दिनांक 01.04.2026 के लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 6017 का अनुबंध -I

मद-वार निधियों का उपयोग

क्र.सं.	**मद**	**जारी की गई निधि ₹**
1	बीएसएनएल / एमटीएनएल में वीआरएस का कार्यान्वयन	29,894.55
2	सॉवरेन गारंटी बांड (एसजीबी) सहायता के माध्यम से बीएसएनएल और एमटीएनएल का ऋण पुनर्गठन	38,814.69
3	इक्विटी निवेश के माध्यम से 2जी और 4जी/5जी के प्रावधान के लिए बीएसएनएल/एमटीएनएल को स्पेक्ट्रम का प्रशासनिक आवंटन	1,09,787
4	बीएसएनएल को एजीआर बकाया राशि के निपटान के लिए सहायता	31,957.16
5	इक्विटी निवेश के माध्यम से कैपेक्स की आवश्यकता हेतु सहायता	22,471
6	बीएसएनएल को अनुदान सहायता के रूप में व्यवहार्यता अंतर निधियन (वीजीएफ)।	19,789
7	भारत सरकार को 7,500 करोड़ रुपये के 9% गैर-संचयी वरीयता शेयरों का पुन: जारी करना।	7,500
8	एमटीएनएल का बीएसएनएल के साथ प्रचलनात्मक विलय	शून्य
	कुल	**2,60,213.40**

*****